AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

स्नातक में प्रवेश के लिए आवेदन अब 30 तक

यूजीसी के पत्र के बाद एलयू ने बढ़ाई तिथि

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विवि प्रशासन ने अपने यहां स्नातक के प्रवेश फार्म ऑनलाइन भरने की अंतिम तिथि 30 जुलाई तक बढ़ा दी है। पहले यह तारीख 20 जुलाई थी।

यूजीसी की ओर से मंगलवार को जारी पत्र में कहा गया कि चूंकि अभी सीबीएसई बोर्ड का परिणाम नहीं आया है। इसे देखते हुए कोई भी विवि एडमिशन विंडो बंद नहीं करेगा। इसका संज्ञान लेते हुए कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने स्नातक पाठ्यक्रमों के ऑनलाइन आवेदन फार्म भरने की अंतिम तिथि 30 जुलाई तक बढ़ा दी है। अभ्यर्थी लखनऊ विवि की वेबसाइट पर एडमिशन पेज में यूजी एडमिशन पर जाकर आवेदन करें।

नेशनल पीजी भी बढ़ाएगा तारीख : नेशनल पीजी कॉलेज भी अपने यहां प्रवेश आवेदन की तिथि और घोषित प्रवेश परीक्षा की तिथि में भी बदलाव करेगा। प्राचार्य प्रो. देवेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि शुक्रवार को बैठक कर तिथि तय की जाएगी। फिलहाल प्रवेश आवेदन की तिथि 21 जुलाई है।

■ सहयुक्त कॉलेजों को कम मिली पीएचडी सीटें

लविवि सहयुक्त महाविद्यालय शिक्षक संघ (लुआक्टा) ने पीएचडी में कई विषयों में सीटों के कम आवंटन की बात कही है। लुआक्टा अध्यक्ष डॉ. मनोज पांडेय व महामंत्री डॉ. अंशू केडिया की ओर से रजिस्ट्रार को पत्र भेजकर कहा गया है कि पहली बार यूजी स्तर के शिक्षकों को पीएचडी की सीटों का आवंटन किया गया है। इसमें बॉटनी, मैथ्स और एआईएच आदि विषयों में कम सीटें आवंटित की गई हैं। इसका संज्ञान लेते हुए संशोधित सूची जारी की जाए।

■ बीफार्मा पहले सेमेस्टर का परिणाम जारी

लखनऊ विवि के बीफार्मा प्रथम वर्ष के छात्रों का परीक्षा परिणाम बृहस्पतिवार को घोषित कर दिया गया। 2021 सत्र में 110 छात्रों ने प्रवेश लिया और सभी 110 छात्र परीक्षा में शामिल हुए। इसमें 88 फीसदी छात्रों ने परीक्षा उत्तीर्ण की। इसमें प्रथम स्थान अदीबा अनीस 90.6 फीसदी, द्वितीय स्थान आयुषी श्रीवास्तव व ज्योति गुप्ता 87 फीसदी तथा तृतीय स्थान इशानी श्रीवास्तव ने प्राप्त किया। 41 छात्रों ने 75 फीसदी से ज्यादा अंक प्राप्त किए।

विदेशी छात्रों ने किया भ्रमण

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात के हालिया संबोधन से प्रेरित लखनऊ विवि की मेधावी छात्र परिषद के सदस्यों ने विदेशी छात्रों के लिए बृहस्पतिवार को कैंपस स्थित संग्रहालय विरासत यात्रा का आयोजन किया। विदेशी छात्र विवि परिसर में छह संग्रहालयों का भ्रमण किया। (माई सिटी रिपोर्टर)

HINDUSTAN PAGE 4

एलयू: 30 तक भरे जाएंगे प्रवेश फार्म

लखनऊ। सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड की परीक्षाओं के परिणाम न आने के कारण लखनऊ विश्वविद्यालय ने ऑनलाइन स्नातक प्रवेश फार्म भरने की तारीख बढ़ाकर 30 जुलाई कर दी है। पहले आवेदन की अंतिम तारीख 20 जुलाई थी।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने 12 जुलाई को पत्र लिखकर कहा था कि अभी सीबीएसई और आईसीएसई का परीक्षा परिणाम नहीं आया है। ऐसे में प्रवेश के लिए फार्म भरने के समय में ढील दी जाए। इस पर कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने विद्यार्थियों के हित में फैसला करते हुए स्नातक पाठ्यक्रमों के ऑनलाइन फार्म की अंतिम तारीख 30 जुलाई कर दी है।

जानकारी के अनुसार बता दें कि अभ्यर्थी लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट से प्रवेश सम्बन्धित सभी सूचनाएं प्राप्त कर सकते हैं। एडमिशन फार्म अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट या एलयू का एप डाउनलोड करके भर सकते हैं।

इन बातों का रखें ध्यान

- फोटो, हस्ताक्षर की स्कैन कापी 50 केबी के अंदर होनी चाहिए
- आरक्षण के प्रमाणपत्र की स्कैन कापी भी 50 केबी की हो
- प्रवेश फार्म की फीस ऑनलाइन जमा करने के बाद 72 घंटे के पहले दोबारा फीस न जमा करें।
- असुविधा होने पर हेल्पलाइन नम्बर 0522-4150500 पर प्रातः 10 से सायं 6 तक संपर्क किया जा सकता है।

आज से लगेगी मूट कोर्ट

अदालतों में होने वाली बहसों का प्रायोगिक अनुभव दिलाने के मकसद से एलयू के नवीन परिसर में विधि संकाय मूट कोर्ट लगाएगा। इसमें विश्वविद्यालय के अलावा राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय समेत अन्य की 46 टीमें हिस्सा लेंगी। विधि संकाय की मूट कोर्ट कमेटी की यह तीन दिवसीय प्रतियोगिता शुक्रवार से शुरू होगी और 17 जुलाई तक चलेगी।

संग्रहालय में विदेशी छात्रों ने देखी विरासत

लखनऊ। विरासत यात्रा के तहत गुरुवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के विदेशी विद्यार्थियों ने परिसर में स्थित सभी छह संग्रहालयों का भ्रमण किया। उन्होंने संग्रहालय में रखी वस्तुओं के जरिए यहां का इतिहास जाना और विरासत के बारे में जानकारी ली। यह यात्रा विश्वविद्यालय की छात्र परिषद ने अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों के बीच आपसी मेलजोल बढ़ाने के मकसद से आयोजित की थी।

विरासत यात्रा में शामिल एमबीए छात्र नलेनी ने कहा कि उन्हें इस तरह की गतिविधि में शामिल होकर अच्छा लगा। पीएचडी कर रहे अहमद गुल ने कहा कि बेहद दोस्ताना माहौल रहा।

NBT PAGE 3

30 तक भरे जाएंगे एलयू में यूजी दाखिले के फॉर्म

सीबीएसई, आईसीएसई के नतीजे न आने का असर

■ एनबीटी, लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय ने स्नातक कोर्सों में दाखिले के लिए ऑनलाइन फॉर्म भरने की तारीख बढ़ाकर 30 जुलाई कर दी है। सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड के नतीजे न आने के कारण एलयू ने यह फैसला किया है।

पहले भी 3 बार बढ़ी तारीख

एलयू में स्नातक दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन की शुरुआत 2 अप्रैल से हुई थी। उस वक्त आवेदन की आखिरी तारीख 31 मई तय की गई थी। इसके बाद इसे बढ़ाकर 25 जून, फिर 30 जून और इसके बाद 20 जुलाई किया गया। अब इसे 30 जुलाई कर दिया गया है।

यूजीसी ने दी सलाह

जानकारी के मुताबिक, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने 12 जुलाई पत्र भेजकर सीबीएस्स्ई और आईसीएस्स्ई बोर्ड के नतीजे न आने का हवाला देकर विवि को आवेदन की आखिरी तारीख बढ़ाने की सलाह दी। ऐसे में एलयू प्रशासन ने अब आवेदन की आखिरी तारीख बढ़ाकर 30 जुलाई कर दी है। एलयू प्रवक्ता दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि अभ्यर्थी लखनऊ यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर दाखिले से जुड़ी सभी सूचनाएं हासिल कर सकते हैं।

अदीबा बनीं बी-फार्मा प्रथम वर्ष टॉपर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के फार्मास्युटिकल विभाग पहले बैच के बी-फार्मा प्रथम वर्ष का परीक्षा परिणाम गुरुवार को घोषित किया। इसमें अदीबा अनीस ने 90.6 फीसदी अंक हासिल कर टॉप किया है। उन्होंने 725 में से 632 अंक हासिल किए हैं। वहीं आयुषी श्रीवास्तव और ज्योति गुप्ता 87 फीसदी अंकों के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहीं। तीसरे स्थान पर रहीं ईशानी श्रीवास्तव को 86.8 फीसदी अंक मिले।

कुलपति ने देखा नैक तैयारी का प्रस्तुतीकरण

LUCKNOW : लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने गुरुवार को नैक मूल्यांकन की तैयारी देखने के लिए अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, समाजशास्त्र और कैलाश महिला छात्रावास का निरीक्षण किया. सबसे पहले उन्होंने अर्थशास्त्र विभाग के हेड प्रो. एमके अग्रवाल व अन्य शिक्षकों से बात करके नैक टीम के निरीक्षण की तैयारियां देखी. फिर कुलपति अंग्रेजी विभाग में नैक की तैयारी का प्रस्तुतिकरण देखने पहुंचे और उसमें कुछ सुझाव बताए. समाजशास्त्र विभाग में भी उन्होंने नैक की तैयारियां देखी. कैलाश महिला छात्रावास में निरीक्षण के दौरान वहां के साफ सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने का निर्देश दिया.

i-NEXT PAGE 2

140 अंकों का होगा पीएचडी एंट्रेंस एग्जाम

60 अंकों का लेख इंटरव्यू, एलयू ने जारी किए गाइडेंस

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (14 July): लखनऊ यूनिवर्सिटी ने एकेडमिक सेशन 2021-22 के पीएचडी एडमिशन के लिए आवश्यक आवेदन के साथ-साथ एंट्रेंस एग्जाम की भी डेटशीट वेबसाइट पर अपलोड कर दी है. रेगुलर पीएचडी के लिए होने वाला रिसर्च एंट्रेंस एग्जाम (आरईटी) 140 अंकों का होगा. कुल 70 प्रश्न होंगे. प्रत्येक प्रश्न के लिए दो अंक निर्धारित होंगे. यहीं, 60 अंकों का साक्षात्कार होगा. एंट्रेंस एग्जाम और साक्षात्कार की मेरिट के आधार पर प्रवेश प्रक्रिया पूरी की जाएगी. हालांकि, अभी पीएचडी के लिए एंट्रेंस एग्जाम का कोई कार्यक्रम तय नहीं किया गया है. एलयू में 1292 सीटों पर रेगुलर व पार्ट टाइम पीएचडी एडमिशन के लिए आवेदन शुरू हुए हैं. 16 अगस्त तक आवेदन का मौका है. यूनिवर्सिटी के प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि प्रवेश पीएचडी अध्यादेश 2020 के अनुसार होंगे. रिसर्च एंट्रेंस एग्जाम में 70 सवाल पूछे जाएंगे. इनमें 35 सवाल विषय और 35 सवाल मैथडोलाजी पर आधारित होंगे.

50 फीसद अंक अनिवार्य

आरईटी में केंडीडेट्स को कम से कम 50 फीसद अंक लाना अनिवार्य होगा. ओबीसी, एससी व एसटी वर्ग के कैंडीडेट्स को पांच प्रतिशत अंकों की छूट होगी. यानी उनके लिए न्यूनतम 45 फीसद अंक की अर्हता है. पार्ट टाइम पीएचडी में एडमिशन के लिए अंतिम चयन परीक्षा पर आधारित होगा. कैंडीडेट्स को एक हजार शब्दों का रिसर्च मैथडोलाजी पर आधारित होगा. इसके लिए 70 फीसद और कार्य अनुभव पर 30 प्रतिशत वेटेज दिया जाएगा. लेख लेखन के साथ-साथ इंटरव्यू भी होंगे. उसके बाद मेरिट सूची तैयार की जाएगी. प्रवेश सूची पर एक्जामिनर्स नियंत्र बोर्डो का होगा.

विधि संकाय में प्रतियोगिता आज

LUCKNOW (14 JULY): लखनऊ विश्वविद्यालय के नवीन परिसर स्थित विधि संकाय की ओर से तीन दिवसीय प्रोफेसर केके श्रीवास्तव इंटरकालेजिएट मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन 15 से 17 जुलाई तक होगा. प्रतियोगिता अंतरराष्ट्रीय फर्म एसआइ- यूके के सहयोग से कराई जा रही है. इसमें लखनऊ के विभिन्न विधि विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों से कुल 46 टीमें प्रतिभाग करेंगी. संकाय अध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष प्रो. सीपी सिंह ने बताया कि मूट कोर्ट प्रतियोगिता से विधि छात्र प्रखर वक्ता बनने के साथ मेमोरियल ड्राफ्ट करने की तकनीक भी सीखते हैं.

डिटी सीएजा रहेंगे मौजूद

मूट कोर्ट कमेटी की शिक्षिका संयोजिका प्रो. विनीता कावर ने बताया की प्रतियोगिता का उद्घाटन 15 जुलाई को सुबह 10 बजे होगा. मुख्य अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक एवं विशिष्ट अतिथि काउंसिल आफ इंडिया के सह अध्यक्ष प्रशांत सिंह अटल उपस्थित रहेंगे। श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली टीमों को एवं श्रेष्ठ वक्ता को सम्मानित किया जाएगा।

JAGRAN CITY PAGE III

बीफार्मा प्रथम सेमेस्टर परीक्षा परिणाम जारी, अदीबा प्रथम

बी फार्मा प्रथम सेमेस्टर में टॉपर छात्र-छात्राएं ● सौजन्य से लवि

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने फार्मास्यूटिकल साइंसेज में संचालित बीफार्म प्रथम सेमेस्टर के परिणाम गुरुवार को जारी कर दिए। इसमें पहुंचे चले सभी 110 विद्यार्थी सफल हुए। छात्रा अदीबा अनीस ने 90.6 फीसद अंकों के साथ प्रथम, अयुषी श्रीवास्तव ने ज्योति गुप्ता 87 फीसद और इशानी श्रीवास्तव ने 86.6 फीसद अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। 41 विद्यार्थियों ने 75 फीसद से ज्यादा अंक प्राप्त किए हैं। संकाय के निदेशक डा. पुनीत कुमार त्रिपाठी ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

टेबल टेनिस प्रतियोगिता स्थगित : लखनऊ विश्वविद्यालय में 15 व 16 जुलाई को होने वाली इंटर कालेजिएट टेबल टेनिस प्रतियोगिता (पुरुष) स्थगित कर दी गई है। जल्द ही इसकी नई तिथि जारी की जाएगी। गुरुवार को लखनऊ विश्वविद्यालय एथलेटिक एसोसियशन के महासचिव प्रो. रंजन कुमार ने इसकी सूचना वेबसाइट पर जारी की।

प्रयोगात्मक परीक्षा कार्यक्रम जारी : शीघ्रवी हिंदी कालेज में बीए दूसरे, चौथे व छठे सेमेस्टर पुराने की प्रयोगात्मक परीक्षा का संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया। दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा 25 जुलाई, छठे सेमेस्टर की परीक्षा 26 जुलाई और चौथे सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षा 27 जुलाई को सुबह नौ बजे से होगी। विद्यार्थी वेबसाइट पर कार्यक्रम देखकर इसमें शामिल हों।

लवि पीएचडी : 140 अंकों की होगी प्रवेश परीक्षा

60 का होगा साक्षात्कार, लखनऊ विश्वविद्यालय ने वेबसाइट पर जारी किए पीएचडी प्रवेश परीक्षा संबंधी निर्देश

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने शैक्षिक सत्र 2021-22 के पीएचडी दाखिले के लिए आनलाइन आवेदन के साथ-साथ प्रवेश परीक्षा का भी विस्तृत विवरण वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है। रेगुलर पीएचडी के लिए होने वाली रिसर्च प्रवेश परीक्षा (आरईटी) 140 अंकों की होगी। कुल 70 प्रश्न होंगे। प्रत्येक प्रश्न के लिए दो अंक निर्धारित होंगे। वहीं, 60 अंकों का साक्षात्कार होगा। प्रवेश परीक्षा और साक्षात्कार की मेरिट के आधार पर प्रवेश प्रक्रिया पूरी की जाएगी। हालांकि अभी पीएचडी के लिए बृहस्पतिवार को कैंपस स्थित संग्रहालय विरासत यात्रा का मौका है। विश्वविद्यालय के प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि प्रवेश पीएचडी अध्यादेश 2020 के अनुसार होंगे। रिसर्च प्रवेश परीक्षा में 70 सवाल पूछे जाएंगे। इनमें 35 सवाल विषय और 35 सवाल रिसर्च मैथडोलाजी पर आधारित होंगे।

प्रवेश परीक्षा में 50 फीसद अंक लाना अनिवार्य : रिसर्च प्रवेश परीक्षा (आरईटी) में कम से कम अभ्यर्थी को 50 फीसद अंक लाना अनिवार्य होगा। ओबीसी, एससी व एसटी वर्ग के अभ्यर्थियों को पांच प्रतिशत अंकों की छूट होगी। यानी उनके लिए न्यूनतम 45 फीसद अंक की अर्हता है।

पार्ट टाइम पीएचडी में लिखना होगा : पार्ट टाइम पीएचडी में दाखिले के लिए अंतिम चयन परीक्षा पर आधारित होगा। अभ्यर्थी को एक हजार शब्दों का शोध आधारित लेख लिखना होगा। इसके लिए 70 फीसद और कार्य अनुभव पर 30 प्रतिशत वेटेज दिया जाएगा। लेख लेखन के साथ-साथ साक्षात्कार भी होंगे।

विदेशी छात्र-छात्राओं ने देखी संग्रहालयों की विशेषता

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के मेधावी छात्र परिषद के सदस्यों ने विदेशी छात्र-छात्राओं के लिए गुरुवार परिसर स्थित संग्रहालय-विरासत यात्रा का आयोजन किया। सांस्कृतिक विभिन्नताओं को एक सूत्र में पिराने, छात्र परिषद व अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों के बीच भाईचारा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य के साथ कराए गए इस शैक्षिक भ्रमण के दौरान परिसर में छह संग्रहालयों की विशेषता देखी।

इनमें मानव विज्ञान विभाग में स्थापित केएस माथुर मानव विज्ञान संग्रहालय, नृवंशविज्ञान संग्रहालय, भूगर्भ विज्ञान विभाग के शैक्षिक संग्रहालय, डा. एससी बाघ संग्रहालय (जीव विज्ञान विभाग), पुरातत्व संग्रहालय (भारतीय प्राचीन इतिहास और पुरातत्व विभाग), और आर्ट गैलरी एवं संग्रहालय (टैगोर पुस्तकालय) शामिल रहे। अंतरराष्ट्रीय छात्र-छात्राओं को पुरातत्व संग्रहालय में 11वीं शताब्दी के मिट्टी के बर्तन, मूर्तियां दिखाया गया। भूविज्ञान विभाग के शैक्षिक संग्रहालय में छात्रों और प्रो. विभूति राय के साथ एक संवाद हुआ। विदेशी छात्र-छात्राएं भारत की संस्कृति और इतिहास से रूबरू हुए। साथ ही इतिहास, ज्ञान, प्रकृति, धर्म और भूविज्ञान की धरोहर देखकर छात्र काफी खुश नजर आए। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय छात्र-छात्राओं के लिए वर्ष भर का एक्टिविटी कैलेंडर तैयार किया जाएगा। अपर अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. अलका मिश्रा ने छात्रों को विश्वविद्यालय की ऐतिहासिक विरासत के बारे में बताया।

विदेशी छात्र-छात्राओं ने मानव विज्ञान विभाग का संग्रहालय देखा ● सौजन्य से लवि

मूट कोर्ट प्रतियोगिता आज से

लवि के नवीन परिसर स्थित विधि संकाय की ओर से तीन दिवसीय प्रोफेसर केके श्रीवास्तव इंटरकालेजिएट मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन 15 से 17 जुलाई तक होगा। प्रतियोगिता अंतरराष्ट्रीय फर्म एसआइ- यूके के सहयोग से कराई जा रही है। इसमें लखनऊ के विभिन्न विधि विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों से कुल 46 टीमें प्रतिभाग करेंगी। संकाय अध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष प्रो. सीपी सिंह ने बताया कि मूट कोर्ट प्रतियोगिता से विधि छात्र प्रखर वक्ता बनने के साथ मेमोरियल ड्राफ्ट करने की तकनीक भी सीखते हैं। मूट कोर्ट कमेटी की शिक्षिका संयोजिका प्रो. विनीता कावर ने बताया की प्रतियोगिता का उद्घाटन 15 जुलाई को सुबह 10 बजे होगा। मुख्य अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक एवं विशिष्ट अतिथि काउंसिल आफ इंडिया के सह अध्यक्ष प्रशांत सिंह अटल उपस्थित रहेंगे। श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली टीमों को एवं श्रेष्ठ वक्ता को सम्मानित किया जाएगा।

लवि : अब स्नातक पाठ्यक्रमों में 30 तक आवेदन

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए अब 30 जुलाई तक आनलाइन आवेदन का मौका रहेगा। सीबीएसई और आइसीएसई बोर्ड की ओर से अभी तक 12वीं परीक्षा के परिणाम जारी न होने और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की ओर से आवेदन के लिए पोर्टल खोले रखने के संबंध में पत्र आने के बाद गुरुवार को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने यह निर्णय लिया।

लवि में अभी तक 20 जुलाई तक स्नातक व परास्नातक पाठ्यक्रमों में आवेदन की तिथि तय की गई थी। लेकिन अभी तक यूपी बोर्ड को छोड़ अन्य किसी बोर्ड के इंटर के परिणाम जारी नहीं हुए हैं। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि यूजीसी की ओर से पत्र का संज्ञान लेकर कुलपति ने छात्रहित में स्नातक कोर्सों में फार्म भरने की अंतिम तिथि बढ़ा दी है ताकि कोई भी छात्र-छात्रा रिजल्ट न आने के कारण आवेदन करने से वंचित न रह जाए। आवेदन संबंधी विस्तृत निर्देश वेबसाइट पर अपलोड हैं। किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर हेल्पलाइन नंबर-0522-4150500 पर सुबह 10 से शाम छह बजे तक संपर्क किया जा सकता है।

फिर प्रवेश परीक्षा की तिथि बदलने की तैयारी : नेशनल पीजी कालेज में भी स्नातक पाठ्यक्रमों में आनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ाने से लेकर प्रवेश परीक्षा के शेड्यूल में बदलाव हो सकता है। 12वीं परीक्षाओं के परिणाम न आने और यूजीसी की ओर से पंजीकरण के लिए पोर्टल खोले रखने संबंधी पत्र आने की वजह से ऐसा विचार किया गया है। प्राचार्य प्रो. देवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि अभी आवेदन की तिथि 21 जुलाई है। उससे पहले कालेज प्रशासन आवेदन की तिथि और प्रवेश परीक्षा की तिथि बढ़ाने पर अंतिम निर्णय लेगा। कालेज की ओर से स्नातक प्रवेश परीक्षाएं 27, 28 व 29 जुलाई को प्रस्तावित हैं। अब अगस्त के पहले सप्ताह में यह प्रवेश परीक्षाएं कराने की तैयारी है।

PIONEER PAGE 3

अब 30 तक भरे जा सकेंगे एलयू के एडमिशन फार्म

लखनऊ। सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड की परीक्षाओं के परिणाम न आने के कारण लखनऊ विवि ने ऑनलाइन स्नातक प्रवेश फार्म भरने की तारीख बढ़ाकर 30 जुलाई कर दी है। पहले आवेदन की अंतिम तारीख 20 जुलाई थी। विवि अनुदान आयोग ने 12 जुलाई को पत्र लिखकर कहा था कि अभी सीबीएसई और आईसीएसई का परीक्षा परिणाम नहीं आया है। ऐसे में प्रवेश के लिए फार्म भरने के समय में ढील दी जाए। इस पर कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने विद्यार्थियों के हित में फैसला करते हुए स्नातक पाठ्यक्रमों के ऑनलाइन फार्म भरने की अंतिम तारीख 30 जुलाई कर दी है।

AMRIT VICHAR PAGE 4

लविवि में फिर बढ़ी आवेदन की तिथि

अमृत विचार, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने स्नातक में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की तिथि फिर बढ़ा दी है। अब 30 जुलाई तक विद्यार्थी आवेदन कर सकेंगे। इस संबंध में नई अधिसूचना जारी कर दी गई है। इससे पहले आवेदन की अंतिम तिथि 20 जुलाई थी। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि अब तक सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड की इंटरमीडिएट परीक्षा के परिणाम घोषित नहीं हुए हैं। ऐसे में कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने इस सम्बन्ध में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के द्वारा जारी 12 जुलाई के पत्र का त्वरित संज्ञान लेकर छात्रहित में निर्णय लेते हुए स्नातक पाठ्यक्रमों के ऑनलाइन फार्म भरने की अंतिम तिथि 30 जुलाई 2022 तक बढ़ा दी है, जिससे कि कोई भी छात्र रिजल्ट न आने की वजह से आवेदन करने से वंचित न रह जाए।

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

30 जुलाई तक भरे जा सकेंगे लविवि के एडमिशन फार्म

लखनऊ। लविवि ने ऑनलाइन स्नातक प्रवेश फार्म भरने की तारीख बढ़ाकर 30 जुलाई कर दी है। पहले आवेदन की अंतिम तारीख 20 जुलाई थी। विवि ने सीबीएस्सई और आईसीएस्सई बोर्ड की परीक्षाओं के परिणाम न आने के कारण प्रवेश फार्म भरने की तारीख बढ़ाई है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने 12 जुलाई को पत्र लिखकर कहा था कि अभी सीबीएस्सई और आईसीएस्सई का परीक्षा परिणाम नहीं आया है। ऐसे में प्रवेश के लिए फार्म भरने के समय में ढील दी जाए। इस पर विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने विद्यार्थियों के हित में फैसला करते हुए स्नातक पाठ्यक्रमों के ऑनलाइन फार्म भरने की अंतिम तारीख 30 जुलाई कर दी है।

लविवि के विदेशी विद्यार्थियों ने किया संग्रहालयों का भ्रमण: विरासत यात्रा के तहत बृहस्पतिवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के विदेशी विद्यार्थियों ने परिसर में स्थित सभी छह संग्रहालयों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने संग्रहालय में रखी वस्तुओं के जरिए यहां का इतिहास जाना और विरासत के बारे में जानकारी ली। यह यात्रा विश्वविद्यालय की छात्र परिषद ने अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों के बीच आपसी मेलजोल बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित की थी।

कुलपति ने किया निरीक्षण-लविवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, समाजशास्त्र और कैलाश महिला छात्रावास का निरीक्षण किया। सबसे पहले उन्होंने अर्थशास्त्र विभाग के सदस्यों से वार्ता की और उनके द्वारा नैक निरीक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त की। तत्पश्चात अर्थशास्त्र विभाग का निरीक्षण किया। अंग्रेजी विभाग में वनाए गए नैक प्रेजेंटेशन को देखा।कुलपति समाजशास्त्र विभाग गए और वहां पर भी उन्होंने नैक प्रेजेंटेशन को देखा। इसके बाद कुलपति कैलाश महिला छात्रावास गए और वहां की साफ सफाई व्यवस्था को और वेहतर वनाने का निर्देश दिया। निरीक्षण में उनके साथ चीफ प्रोवोस्ट प्रो. नलिनी पाण्डेय भी उपस्थित थीं।

TOI PAGE 2

LU museums charm int'l students

TIMES NEWS NETWORK

Lucknow: International students on a tour of the Dr SC Baugh Museum at Lucknow University's zoology department were left awestruck to see more than 1,800 animal specimens.

In the geology museum, they came up with questions on how geologists managed to bring such a rich collection including fossils and stones to the museum.

Taking inspiration from Prime Minister Narendra Modi's Mann Ki Baat address, members of LU's meritorious students' council had organized the heritage tour on Thursday for international students enrolled in various courses.

The students were taken to KS Mathur Anthropological Museum and Ethnographic Museum at (anthropology department), educational museum (geology department), Dr SC Baugh Museum (zoology department), archaeological museum (Indian ancient history and archaeology department) and the art gallery and museum of Tagore Library. The tour ended with an interactive session with Prof Vibhuti Rai in the geology museum. MBA student Nalene said, " We were unaware that LU has such a rich collection of artefacts, fossils & animal specimens."

LU extends date for UG admissions

TIMES NEWS NETWORK

Lucknow: Lucknow University has extended the last date for submitting applications to its undergraduate courses from July 20 to July 30 on the directions of the University Grants Commission (UGC) on Thursday.

UGC has directed higher education institutions to finalize the last date of their undergraduate admission process only after the declaration of CBSE class XII results in order to provide sufficient time to students for admission. The entrance test is expected to be held in mid-August or later. "In student's interest, the LU has revised its admission process accordingly," said LU spokesperson Durgesh Srivastava.

THE PIONEER PAGE 3

Foreign students visit museums at LU

PNS ■ LUCKNOW

Inspired by Prime Minister Narendra Modi's recent 'Mann Ki Baat' address, members of the Meritorious Students Council of Lucknow University organised a heritage visit to university-based museums for foreign students.

Modi had said that by visiting local museums, students would also create curiosity about museums in others' minds. Lucknow University Vice-Chancellor Prof AK Rai also encouraged all the members to organise cultural and creative activities in the university.

An educational tour through six museums on the university campus was organised. The students were taken to KS Mathur Anthropological Museum, Ethnographic Museum, Educational Museum, Dr SC Baugh Museum, Archaeological Museum, and Art Gallery & Museum.

DSW Prof Poonam Tandon interacted with the students before the start of the 'Virasat Yatra'. Additional DSW Dr Alka Mishra apprised the international students of the historical heritage of the university. The programme witnessed an enthusiastic participation from the international students.